भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 60
दिनांक 07.12.2022/16 अग्रहायण, 1944 (शक) को उत्तर के लिए

देश में आतंकवादी हमले

60. श्री जावेद अली खान:
श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022 से अब तक देश में हुए आतंकवादी हमलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन हमलों में मारे गए सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए आतंकवादियों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): वर्ष 2022 के दौरान देश के भीतरी भाग में राज्य-वार तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं की संख्या, इन आतंकवादी घटनाओं में शहीद हुए सुरक्षा बल के जवानों तथा जान गंवान वाले नागरिकों की संख्या (नवंबर, 2022 तक) निम्नलिखित हैः

(i) देश का भीतरी भागः

राज्य	आतंकवादी घटनाओं की संख्या	शहीद हुए सुरक्षा बल के जवानों की संख्या	जान गंवाने वाले नागरिकों की संख्या
पंजाब	1	0	0
तमिलनाडु	1	0	0
कर्नाटक	1	0	0
कुल	3	0	0

(ii) जम्मू और कश्मीरः

आतंकवादी घटनाओं की संख्या	शहीद हुए सुरक्षा बल के जवानों की संख्या	जान गंवाने वाले नागरिकों की संख्या
123	31	31

(ग): वर्ष 2022 (नवंबर, 2022 तक) के दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर में 180 आतंकवादी मारे गए।

******